राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–218/2023

राज्यपाल से भारत में जर्मनी के राजदूत ने मुलाकात की

पटना, 08 अगस्त 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर से भारत में जर्मनी के राजदूत डॉ० फिलिप एकरमैन ने राजभवन आकर मुलाकात की।

राज्यपाल ने मुलाकात के दौरान जर्मनी के राजदूत को बताया कि बिहार की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत अत्यन्त समृद्ध है। महात्मा गाँधी ने बिहार के चंपारण से अपने आंदोलन की शुरूआत की थी। यहाँ का बोधगया एक अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थल है। भगवान महावीर का जन्म बिहार में ही हुआ। कौटिल्य के आर्थिक विचार आज भी हमारा मार्गदर्शन करते हैं। राज्यपाल ने उन्हें नालंदा विश्वविद्यालय के अतिरिक्त बिहार के मखाना, लीची, जर्दालू आम आदि के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग काफी क्षमतावान हैं।

....